भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3546
उत्तर देने की तारीख : 20 दिसम्बर, 2021

सभी राज्यों में विज्ञान केन्द्रों की स्थापना

3546. श्री सौमित्र खान :
श्री नरेन्द्र कुमार :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सभी राज्यों में अनुसंधान सहायता के लिए वैज्ञानिक केंद्र और क्षेत्रीय तंत्र स्थापित करने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को राज्य सरकारों से अपने-अपने राज्यों में अनुसंधान और विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
(जी. किशन रेड्डी)
संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) से (ड.) : विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस) के अंतर्गत, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) द्वारा पूरे देश में विज्ञान शहरों/विज्ञान केन्द्रों/नवाचार केन्द्रों की श्रृंखला विकसित की गई है।

स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ये परियोजनाएं आरंभ की जाती हैं जिनमें बाधारहित भूमि, परियोजना की लागत (पूंजी और समग्र निधि), प्रचालन, श्रमशक्ति और परियोजना का प्रबंधन आदि से संबंधित प्रतिबद्धताएं शामिल हैं।

एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चल रही नई परियोजनाओं की सूची **अनुलग्नक-क** पर संलग्न है। वे परियोजनाएं जिन्हें संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है और जिन पर कार्य शुरू किया जाना है, उनकी सूची **अनुलग्नक-ख** पर दी गई है।

अनुलग्नक-क

सभी राज्यों में विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के संबंध में दिनांक 20 दिसम्बर, 2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3546 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई नई विज्ञान केन्द्र परियोजनाएं

क्र. सं.	भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई नई विज्ञान केन्द्र परियोजनाओं के नाम	जिस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थित है
01	विज्ञान शहर, गुवाहाटी	असम
02	क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोट्टायम	केरल
03	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, पालमपुर	हिमाचल प्रदेश
04	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, गया	बिहार
05	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, अल्मोड़ा	उत्तराखंड
06	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, उदयपुर	राजस्थान
07	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, मायाबंदर	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह
08	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोकराझार	असम
09	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), राजमुंद्री	आंध्र प्रदेश
10	डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम विज्ञान शहर, पटना	बिहार
11	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), अम्बाला	हरियाणा
12	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), उज्जैन	मध्य प्रदेश
13	विज्ञान शहर, देहरादून	उत्तराखंड

अनुलग्नक-ख

सभी राज्यों में विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के संबंध में दिनांक 20 दिसम्बर, 2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3546 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई परियोजनाएं

क्र. सं.	संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई परियोजनाओं के नाम	जिस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थित है
01	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II) जबलपुर#	मध्य प्रदेश
02	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II) अजमेर##	राजस्थान
03	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II) कन्याकुमारी$	तमिलनाडु
04	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II) बीकानेर**	राजस्थान
05	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II) श्रीनगर*	जम्मू और कश्मीर

* परियोजना संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्य अभी आरंभ किया जाना है क्योंकि राज्य सरकार द्वारा समग्र निधि का हिस्सा जारी किया जाना है और स्थल की अपेक्षा के अनुसार स्थल विकास के संबंध में सूचित किया जाना है।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से भूमि का निकासी प्रमाणपत्र प्रतीक्षित है।

अभी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने हैं। राज्य सरकार द्वारा निधियां जारी कर दी गई हैं।

$ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं परन्तु अभी राज्य सरकार द्वारा निधियां जारी की जानी हैं।

** परियोजना संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित। अभी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने हैं। राज्य सरकार द्वारा निधियां जारी की जानी हैं।